ग्रामीण कौशल योजना

2.35 लाख युवा प्रशिक्षित 1.25 लाख को रोजगार

लखनऊ। कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत ग्रामीण युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश में अब तक 2,35,334 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है और इसमें से 1,25,822 युवाओं को रोजगार भी मिला है।

यह योजना विशेष रूप से बीपीएल सूची में शामिल परिवारों के 15-35 आयुवर्ग के सदस्यों (महिलाओं के लिए 15-45 वर्ष), मनरेगा के श्रमिकों, बेरोजगारों, कम शिक्षित या स्कूल ड्रॉप आउट करने वालों को लक्ष्य बनाकर चलाई जा रही है। ब्यूरो

■ योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योजना में युवाओं को आधुनिक कक्षाओं, लैब में प्रशिक्षण के साथ-साथ निशुल्क आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री, यूनिफॉर्म आदि की सुविधा भी दी जा रही है।